जिले में पहली बार हुआ मितानिन सम्मान दिवस का आयोजन

- मितानिन प्रशिक्षण भवन हेतु विधायक निधि से 30 लाख स्वीकृत
- स्वास्थ्य सुविधाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में मितानिन बहनों की अहम भूमिका. विक्रम मंडावी

बीजापुर 24 नवम्बर (सन्यूस) बीजापुर जिले में निरंतर 18 वर्षो से स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर ढंग से आम लोगो तक मितानिन बहनों द्वारा पहुंचाने का कार्य की जा रही है। बीजापुर जिले के विषम परिस्थितिए संवेदनशील दूरस्थ क्षेत्रों नदी.नालों को पार कर जिले के अंतिम व्यक्ति के स्वास्थ्य के प्रति सजग मितानिन बहने जिनके कार्यो से सभी परिचित हैंए संस्थागत प्रसवए विभिन्न टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करना दवाई वितरण स्वास्थ्य सलाह कोविड टीकाकरण जैसे विभिन्न कार्यों को सेवा भाव के रूप में बखूबी निर्वहन कर रही है। विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी ने मितानित सम्मान दिवस के अवसर पर मितानिन बहनों को संबोधित करते हुए कहाए वहीं मितानिन बहनों के विभिन्न समस्याओं से रूबरू होते हुऐ जिला स्तर की समस्या को जिला प्रशासन से समन्वय कर तत्काल निराकृत करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही भोपालपटनमए बीजापुर में उसूर ब्लाक में विधायक निधि से मितानिन प्रशिक्षण हेतु 10.10 लाख के भवन तीनों विकास खण्ड में स्वीकृत किये।

जिले में मितानिन दिवस के उपलक्ष्य में जिले भर के 1500 से अधिक मितानिन बहनों ने भाग लिया इस तरह के आयोजन एवं सम्मान समारोह पहली बार आयोजित हुआ। जिससे मितानिन बहनों में उत्साह का वातावरण बना मितानिन बहनों को विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी ने शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया वहीं उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस आयोजन में स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता एवं स्वस्थ्य पंचायत के अवधारणा को व्यक्त करते हुऐ नाटक एवं सांस्कृतिक नृत्य का प्रस्तुतिकरण मितानिन बहनों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मितानिन बहनों के सेवा भावए कर्तव्यों एवं उनके दायित्वों के बारे में जिला नोडल अधिकारी ;मितानिनद्ध एवं डीपीएम श्री राजीव रंजन मिश्रा ने विस्तृत रूप से बतायाए इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहूए सीएमएचओ श्री आरके सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

मितानिन दिवस पर जिले के मितानिनों का हुआ सम्मान

- शासन, विभाग और समुदायों के बीच की कड़ी हैं मितानिनें- हरीश कवासी

सुकमा, 24 नवंबर (सन्युस)। जन समुदायों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पहुँचाने में मुख्य भागीदारी निभाने वाली मितानिनों को उनके कठिन परिश्रम और जन कल्याण के प्रति समर्पण भाव के लिए आभार। मितानिन बहनें स्वास्थ्य अमले की वह कड़ी हैं, जिनके कारण की हर ग्रामीण तक दवाईयाँ, बच्चों और माताओं तक उचित ईलाज, स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित होता है। आज मितानिन दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने मितानिनों के गली मोहल्लों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए सेवा भाव की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। आज किस्टाराम, भेज्जी, गोलापल्ली, कुन्ना, डब्बा जैसे जिले के दुर्गम अंदरुनी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँच रहीं है, इसमें मितानिन बहनों की महत्वपूर्ण भुमिका रही है। श्री हरीश ने कहा कि मितानिन ही शासकीय योजनाओं, स्वास्थ्य विभाग और आम जन के मध्य की मुख्य कड़ी हैं, जिनके बदौलत गांव गांव तक सभी को दवा उपलब्ध हो रही है, ईलाज की सुविधा मिल रही है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली मितानिनें हुई पुरस्कृत, खेल-मनोरंजन का भी उठाया लुफ्त

हर रोज पूरी क्षमता और लगन, निःस्वार्थ भाव से अपनी जिम्मेदारी निभाने वाली मितानिनों ने आज मितानिन दिवस पर खेल, गायन, नृत्य आदि के माध्यम से स्वयं का मनोरंजन किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 300 मितानिन उपस्थित रहीं। अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मितानिनों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुर्सी दौड़, कब्बड्डी आदि विभिन्न प्रकार के खेल में मितानिन बहनों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

सीईओ जिला पंचायत देवनारायण कश्यप ने मितानिन बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि मितानिन बहनें पंचायत स्तर पर कार्य करते हुए स्वास्थ्य और पोषण जन जन तक विस्तार कर रही हैं। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सीबीपी बन्सोड़ एवं सिविल सर्जन डॉ ध्रुव ने प्रशंसा करते हुए कहा कि मितानिन स्वास्थ्य विभाग की वह ईकाई हैं जिनके समन्वय से विभाग अधूरा है। मितानिन हर समय अपने कर्तव्य पालन के तैयार रहती हैं, प्राथमिक उपचार कर स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अपनी भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती गीता कवासी,नगरपालिका उपाध्यक्ष आइशा हुसैन पार्षद पदमा जयसवाल, मितानिन कार्यक्रम की जिला समन्वयक श्रीमती देवकी सिन्हा, ब्लॉक समन्वयक गीता, अनिषा वर्मा, चम्पावती बघेल सहित अन्य सहयोगी गण एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

आश्रमों में पढ़ रहे बच्चों में मलेरिया का प्रकोप

- कोंटा सीएचसी में लगभग पंद्रह बच्चे भर्ती, अश्रमों में फैली अव्यवस्था से फैल रहा मलेरिया

कोंटा, 24 नवम्बर (सन्यूस)। सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक में आश्रमों में ख़तर पढ़ाई करने वाले बच्चे इन दिनों बड़ी संख्या में मलेरिया की चपेट में आ रहे हैं। अश्रमों में फैली अव्यवस्था से आश्रमों में मलेरिया फैल रहा है। कोंटा विकासखंड के 15 बच्चों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहाँ सभी की रिपोर्ट मलेरिया पॉजिटिव है। आदिवासी छात्र- छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से आश्रमों की स्थापना की गई हैं, जिसके लिए सरकार हर साल करोड़ो रूपये खर्च कर प्रवेश करवाती है। यही एक मुख्य वजह है कि अंदरूनी इलाके के बच्चे बेहतर शिक्षा का लाभ ले व सुरक्षित रहे, यही कारण से बच्चों के पालक अपने बच्चों को विश्वास के साथ आश्रमों में छोड़ जाते हैं, लेकिन आश्रमों में फैली अव्यवस्थाओं के चलते बच्चे बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

मलेरिया से हो चुकी है मौतें

मलेरिया के चलते जिले के आश्रम-छात्रवासों के पढ़ रहे बच्चों की मौत हो चुकी है। हाल ही में सुकमा जिले के ग्राम पंचायत जीरमपाल के मुतोड़ी बालक आश्रम में 15 नवंबर को चौथी में अध्ययनरत नौ वर्षीय छात्र लोकेश कलमु की मलेरिया से मौत हो गई थी।

दरअसल लोकेश कलमु तोंगरास का रहने वाला था। बच्चों के साथ ऐसी घटना घटित होने से पालकों में आश्रम के प्रति विश्वास कम होता जा रहा है। ऐसे घटनाओं के बाद अधिकतर बच्चे भय से आश्रम छोड़ रहे हैं।

मलेरिया मुक्त अभियान के बीच बढ़े केस

एक तरफ प्रशासन ने सोमवार से मलेरिया मुक्ति जांच अभियान चल रही है तो दूसरी तरफ जिले में मलेरिया के मरीज बढ़ रहे हैं। सरकार द्वारा लगातार मलेरिया मुक्त करने चलाये जा रहे अभियान भी सवालों के घेरे में नजर आ रही है।

राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत पट्टा प्रदाय हेतु हितग्राहियों को 30 नवम्बर को उपस्थित होने की सूचना

बीजापुर 24 नवम्बर (सन्यूस)नगर पालिका परिषद बीजापुर के अंतर्गत राजीव गांधी आश्रय योजनान्तर्गत पट्टा प्रदाय करने के लिए कुल 82 हितग्राहियों को आधार कार्डए राशन कार्डए शपथ पत्र एवं पट्टे का चालान सहित 30 नवम्बर 2021 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

जिसके तहत शहीद बुधराम राना वार्ड के मड़क्रम रामा चैतू हपरा एवं नारायण पूनेमए भीमराव अम्बेडकर वार्ड निवासी आशा कुंजाम विजय लक्ष्मी एवं सुगनावती इंदिरा गांधी वार्ड के जानकी कड़ीयल सुरी झाड़ी, शशि दुर्गम, कमला वेंडके भागीरथी जानकी आलम सविता हेमला सुशीला बुरका लेकाम पायकू सविता लेकाम प्रभावती लेकाम सुशीला कश्यप सविता हेमला कमला तिग्गा सुनीता नाग शांति लेकामए सीता पोड़ियम सौम्या एस सन्नी बाई अवलम अनिता कुड़ियमए नारायण हेमला सुमित्रा राणा कमला यादव सोमा एवं शिवानी कटला और मनोज तेलम विनोद यादव तथा रानी झाड़ी शांति नगर के मीना चेपा सावित्री चंद्राकर शारदा अंगनपल्ली रेश्मा देवी मधु एड़िक जगदीश दुर्गम एवं इंद्रा जुमार राजेन्द्र प्रसाद वार्ड निवासी इमला पुलसे सावित्री पुलसे लक्ष्मीबाई राजेश्वरी अनमूल संतोष कुमार सुशीला नागुल कृष्णा मोरला रूकमी तेलम बसंती पटेल एवं जनकदई तेलम चन्द्रशेखर आजाद वार्ड निवासी सीता अहिरवार ईमरान खान रानू डोंगरे देवकी नाग सत्यम्मा कश्यपए राजू यादव लक्ष्मी कोटे एवं अजीज खान नेताजी सुभाष चन्द्र बोस वार्ड के जागर बुचक्का राजेश ताती दिनेश पुजारी विजय जागरए सुनीता यादव हरिनाथ कश्यप श्रीनिवास आलसा महेश्वरी चुन्नम एवं जमुना कश्यप चिकटराज वार्ड के कविता मूर्ति रामबाई पेरमा लक्ष्मी कांता अनुसूर्या पेरमा शकुंतला पुजारी एवं मनोज वारगेम शहीद नारायण वार्ड निवासी रमेश घाली सुखनाथ भोगाम परमेश्वर परतागिरी सुखनाथ बुधराम कड़ियम एवं अजीत कुजूर स्वीर्गीय मोहनलाल नेताजी वार्ड के जाना बाई को उपस्थित होने कहा गया है।

धान खरीदी हेतु पंजीकृत किसानों की अंतरिम सूची का प्रकाशन

- पंजीकृत रकबे सहित अन्य प्रकार के परिवर्तन, संशोधन हेतु 25 नवंम्बर तक आवेदन आमंत्रित

बीजापुर, 24 नवंबर (सन्युस)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु कुल 14407 किसानों के 33894.0645 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत किया गया है। किसान पंजीकृत हेतु लंबित आवेदनों एवं तकनीकी सुधार के लिए पंजीयन अवधि 20 नवंबर तक वृद्धि की गई थी। सभी लैम्पस, ग्राम पंचायत कार्यालयों में 20 नवंबर के पश्चात समितियों में धान खरीदी हेतु पंजीकृत किसानों की अंतरिम सूची का प्रकाशन दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए किया गया है। जिसमें बोये गये धान के पंजीकृत रकबे का प्रकाशन किया गया है। यदि किसी किसान को पंजीयन रकबे/जानकारी में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन हेतु दावा करना हो तो आपत्ति लिखित में लैम्पस कार्यालय/ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय एवं जिला खाद्य अधिकारी कार्यालय में 25 नवंबर को दोपहर 2 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

दावा आपत्ति संबंधी प्राप्त आवेदन का निराकरण 25 नवंबर को सायं 5 बजे तक अनिवार्य रूप से संबंधित विभाग द्वारा किया जायेगा। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा, निराकरण पश्चात सभी लैम्पस, कृषि कार्यालयों में 26 नवंबर को समिति में पंजीकृत किसानो की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा।

शिवसेना ने मरीजों को फल वितरण कर किया रक्तदान

कांकेर, 24 नवंबर (सन्युस)। शिवसेना जिला इकाई कांकेर के द्वारा सोमवार को जिला हॉस्पिटल कोमल देव में मरीजों को फल वितरण कर रक्तदान किया गया। शिवसेना नेता महेश दुबे ने बताया कि शिवसेना के संस्थापक स्वर्गीय बाला साहेब ठाकरे एवं प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार एवं प्रदेश महासचिव चंद्र मौली मिश्रा के आदेश अनुसार 80प्रतिशत समाज सेवा व 20प्रतिशत राजनीति कर समाज सेवा शिवसेना करती है। इसी तारतम्य में शिवसेना के कार्यकर्ता विजय दुबे द्वारा ए पॉजिटिव रक्तदान कर मरीज अनिला सलाम आमाबेड़ा को प्रदाय किया गया। शिवसेना कार्यकर्ता संत पटेल के द्वारा बी पॉजिटिव रक्तदान कर केशकाल के मरीज रामसाय मंडावी को प्रदाय किया गया। और ईश्वर से जल्द मरीजों के स्वास्थ्य का स्वस्थ होने का कामना किया गया। शिवसेना गरीब मजदूर किसान जब भी किसी को तकलीफ होता है चाहे किसी भी पार्टी का हो। सबसे पहले मदद के लिए शिवसेना दौड़ कर आती है। जिला हॉस्पिटल कोमल देव में जब भी किसी को किसी प्रकार की जरूरत होती है तो शिवसेना सबसे पहले आकर अपना सेवा प्रदान करती है। शिवसेना हमेशा से असहाय गरीब मजदूर मरीजों के लिए हमेशा सेवा प्रदाय शिवसेना द्वारा किया जाता है। शिवसेना गरीबों का पार्टी है इसलिए वहां हमेशा गरीबों के लिए आगे रहता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेश दुबे संत पटेल विजय दुबे संजय ठाकुर इत्यादि शिवसेना कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वेट कम करने के नाम पर कांग्रेस ने जनता को छला-सतीश लाटिया

कांकेर, 24 नवंबर (सन्युस)। भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने राज्य सरकार द्वारा पेट्रोल में 78 पैसे व डीजल में 1 रु 44 पैसा कम करने को जनता के साथ क्रूर व भद्दा मजाक बताया है । इतने दिनों वेट कम करने का कांग्रेसी जो प्रपंच कर रहे थे वेट में ये कमी ऊंट के मुह में जीरा के समान है । उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जनता को महंगाई से राहत दिलाने जब पेट्रोल पर 5 रु और डीजल पर 10 रु कम किया गया था तब यही कांग्रेसी इसे जनता से छलावा बता रहे थे । पिछले कई दिनों से मुख्यमंत्री भुपेश बघेल सहित उनके मंत्री कह रहे थे कि हम प्रदेश में वेट टैक्स इतना कम कर देंगे कि अन्य राज्यो से हमारे यहां पेट्रोल, डीजल का मूल्य सबसे कम होगा। अब जब खुद वेट टैक्स घटाने की बारी आई तो इन्होंने जनता को झुनझुना पकड़ा दिया । कांग्रेस नेताओं के कथनी और करनी में हमेशा से फर्क रहा है । महंगाई का रोना रोने वाली कांग्रेसी सरकार महंगाई कम करने के नाम पर जनता से मजाक कर गई ।

पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू

- मोर मितान मोर संगवारी के माध्यम से दूर की जाएंगी शंकाएं
- पहले चरण में चलेगा दंपती संपर्क सप्ताह

कांकेर, 24 नवंबर (सन्युस)। पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 नवंबर से 04 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। पुरुष नसबंदी पखवाड़े को ''पुरुषों ने परिवार नियोजन अपनाया, सुखी परिवार का आधार बनाया'' की थीम पर मनाया जाएगा। यह पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित किया जाएगा, पखवाड़े के पहले चरण में लाभार्थियों को पुरुष नसबंदी की जानकारी दी जाएगी और उन्हे इसे अपनाने के लिए तैयार किया जाएगा जबकि दूसरे चरण में सेवाएँ उपलब्ध कराई जायेंगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जे.एल उइके ने बताया बीते पाँच वर्षों में छत्तीसगढ़ पुरुष नसबंदी पखवाड़े के दौरान देश में प्रथम स्थान पर है। इस दौरान जिले में बीते 2 वर्षो मे 544 पुरुषों ने परिवार नियोजन के लिए नसबंदी कराई है। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान वर्ष 2020-21 में 337 और वर्ष 2021-22 में 207 पुरुषों ने नसबंदी करवाई। कांकेर जिला पूरे प्रदेश मे पुरुष नसबंदी मे प्रथम है।

पुरुष नसबंदी पखवाड़े को दो चरण में बांटा गया है। पहला चरण मोबिलाइजेशन और दूसरा सेवा वितरण चरण के रूप में मनाया जाएगा। पहला चरण 21 नवंबर से 27 नवंबर तक मनाया जाएगा। वहीं दूसरा चरण 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक मनाया जाएगा।

मोबिलाइजेशन चरण

पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता ''मोर मितान मोर संगवारी'' का आयोजन करेंगे जिसमें वह अपने क्षेत्र के समस्त लक्षित दंपतियों के पुरुषों से संपर्क कर व्यक्तिगत चर्चा में नसबंदी के फायदे बताएंगे और साथ ही समुदाय में फैले हुए पुरुष नसबंदी से संबंधित मिथकों और भ्रांतियों को दूर करने के लिए परामर्श करेंगे। इस दौरान मुख्यतः वैसेक्टोमी यानी पुरुष नसबंदी पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

पुरुष नसबंदी पखवाडा हेतु जन मानस जागरण के लिए प्रचार रथ को मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। प्रचार रथ आने वाले 5 दिनों तक जिले के सभी विकासखंडो मे प्रचार करेगा एवं साथ ही पुरुष नसबंदी से सम्बंधित भ्रान्तियो को दूर करने के लिए जिले द्वारा निर्मित प्रपत्र का वितरण किया जायेगा, साथ ही होर्डिंग एवं विभिन्न प्रचार माध्यमयो एवं दीवार लेखन के द्वारा पुरुष नसबंदी पखवाडा को सफल बनाने की लिए जिले के समस्त अधिकारियो, कर्मचारियो का सहयोग रहेगा।

बेलमेटल हैण्डीक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का छग हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

- शिल्पकारों को नवीन तकनीकों एवं डिजाईनों के निर्माण का दिया जायेगा प्रशिक्षण

कोण्डागांव, 24 नवंबर (सन्युस)। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा शिल्प नगरी परिसर चिखलपुटी में मंगलवार को छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड एवं विधायक नारायणपुर चन्दन कश्यप एवं जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम द्वारा बेलमेटल शिल्प पर आधारित हैण्डीक्राफ्ट तकनीकी प्रशिक्षण प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को 22 जनवरी 2022 तक संचालित किया जायेगा। इसके तहत् उत्कृष्ट 02 मास्टर क्राफ्ट्समेन द्वारा 20 प्रशिक्षार्थियों के समूह को 02 माह तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में भेलवापदर पारा के शिल्पकारों द्वारा कौशल उन्नयन के उद्देश्य से हिस्सा लिया गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से हस्तशिल्प बोर्ड का उद्देश्य है कि ऐसे शिल्पकार जो कि बेलमेटल शिल्प में परम्परागत पुरानी डिजाईनों पर ही कार्य कर रहे हैं। उन्हें इस कार्यशाला के माध्यम से बाजार की मांग अनुरूप नवीन डिजाईनों एवं तकनीकों का ज्ञान प्रदाय कर उन्हें अपनी कलाकृति को उचित मूल्य प्राप्त कराकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा शिल्पनगरी में वृक्षारोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच चिखलपुटी विजय शोरी सहित जिले के शिल्पकार उपस्थित रहे।

चारामा खण्ड शिक्षा कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 निलंबित

कांकेर, 24 नवंबर (सन्युस)। खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय विकासखण्ड चारामा में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 आशीष गुप्ता द्वारा विकासखण्ड चारामा के माध्यमिक शाला भिलाई से सेवा निवृत्त प्रधान पाठक श्रीमती शशिप्रभा दुबे से जीपीएफ की राशि निकालने एवं पेंशन प्रकरण तैयार करने के एवज में 28 हजार रूपये रिश्वत की मांग की गई थी, जिसे सेवा निवृत्त प्रधान पाठक के पुत्र विनय दुबे द्वारा सीधे संबंधित के खाते में 28 हजार रूपये ऑनलाईन भुगतान किया गया, जिसकी पुष्टि हो चुकी है।

पेंशन प्रकरण तैयार किये जाने में विलंब के संबंध में संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, उनके द्वारा प्रस्तुत कारण बताओ नोटिस का जवाब समाधान कारक नही पाया गया, जिसके कारण कलेक्टर चन्दन कुमार ने सहायक ग्रेड-02 आशीष गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा कार्यालय अंतागढ़ नियत किया गया है, निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

25 नवम्बर से बैंक ग्राहक सेवा पखवाड़ा का आयोजन

नारायणपुर, 24 नवंबर (सन्युस)। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला अग्रणी बैंक के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 25 नवम्बर से जिले में संचालित सभी बैंकों में बैंक ग्राहक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाये। इस दौरान खाता धारकों के बैंक से संबंधित समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं का संचालन किया जाता है, जिससे संबंधित खाता धारकों के खातों में राशि स्थानांतरित की जाती है। उससे संबंधित समस्याएं होने के कारण हितग्राही लाभान्वित नहीं हो पाते और उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन दिक्कतों से निजात दिलाने के लिए जिले के सभी बैंकों द्वारा बैंक ग्राहक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैंक ग्राहक सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वाले एनआरएलएम, एनयूआरएलएम सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों के खातों को अपडेट करने की कार्यवाही बैंकर्स सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए सभी जनपद पचांयतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्राम पंचायत सचिवों के माध्यम से हितग्राहियों के खाते अपडेट करायेंगे। इस पखवाड़े में सभी बैंक पूरे समय खुले रहेंगे और ग्राहक और खाताधारकों के शिकायतों का निराकरण करेंगे। इसके अलावा सभी बैंक जहां हितग्राहियों और खाताधारकों की अधिक भीड़ लगती है, वहां बैंक सखी की नियुक्ति करेंगे। साथ ही बैंक कितने और किस-किस तरह की बैंक सेवायें ग्राहकों को उपलब्ध करा रहे हैं, उसकी पूरी जानकारी से संबंधित बोर्ड लगाना भी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बैंकर्स ग्राहकों के साथ मित्रवत् व्यवहार करना सुनिश्चित करें।